सतगुरु जी तेरे भरोसे मेरा परिवार है

सतगुरु जी तेरे भरोसे मेरा परिवार है,
तू ही मेरी नाव का माझी, तू ही पतवार है,
गुरु जी तेरे भरोसे मेरा परिवार है.....

हो अगर अच्छा माझी, नाव पार हो जाती,
किसी की बीच भवर मई फिर न दरकार होती,
अब तो तेरे हवाले मेरा घर बार है,
गुरु जी तेरे भरोसे मेरा परिवार है.....

मैंने अब छोड़ी चिंता तेरा जो साथ पाया,
तुझको जब भी पुकारा अपने ही साथ पाया,
पूरा परिवार ये मेरा तेरा कर्ज़दार है,
गुरु जी तेरे भरोसे मेरा परिवार है.....

मुझको अपनों से बढ़कर सहारा तूने दिया,
जिंदगी भर जीने का गुजारा तूने दिया,
मुझ पर तो श्याम तेरा बड़ा उपकार है,
गुरु जी तेरे भरोसे मेरा परिवार है......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30334/title/satguru-ji-tere-bharose-mera-pariwar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |